मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-107

01/03/2021

कोरोना का टीका सुरक्षित, बेफिक्र होकर लें कोरोना का टीका :– मुख्यमंत्री

पटना, 01 मार्च 2021 :– आज बिहार विधानमंडल के बजट सत्र में भाग लेने के पश्चात संध्या में बिहार विधानमंडल परिसर में पत्रकारों से बातचीत के क्रम में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि आज से तीसरे चरण के वैक्सीनेशन का काम शुरू किया गया है। आज हमारे साथ मंत्रिमंडल के कई अन्य साथियों का टीकाकरण अच्छे ढंग से हो गया है। चिकित्सकों के दिशा–निर्देश के मुताबिक वैक्सीनेशन के बाद हमलोग वहां तीस मिनट से ज्यादा समय तक बैठे। सामान्य स्थिति थी, स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी नहीं हुई। वैक्सीनेशन का काम तेजी से चलना है। पहले विधानमंडल परिसर में ही विधायकों एवं विधान पार्षदों के टीकाकरण कराए जाने पर बात हो रही थी लेकिन वह उपयुक्त नहीं है क्योंकि विशेषज्ञ चिकित्सकों की देख–रेख में टीका कराने वाले लोगों को तीस मिनट तक एक जगह पर बैठना है। ऐसी स्थिति में आई0जी0आई0एम0एस0 में ही विधायकों एवं विधान पार्षदों के टीकाकरण की भी व्यवस्था की गयी है। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक और दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक अपनी सहूलियत के अनुसार विधायक एवं विधान पार्षदगण अपना टीकाकरण करा सकेंगे। इस तरह बाकी सभी जगहों पर भी काम शुरू हो रहा है। इसके लिए पूरी तैयारी की जा चुकी है। केंद्र सरकार की गाइडलाइन के मुताबिक पहले 60 साल से अधिक आयु वर्ग के लोगों का टीकाकरण किया जाना है। 60 वर्ष से ऊपर के लोगों और 60 वर्ष से 45 वर्ष के बीच के वैसे लोगों जो चिह्नित अन्य प्रकार की गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं, उनका टीकाकरण कराया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एकदम ससमय टीकाकरण करा लेना चाहिए और इसके लिए अपनी जिज्ञासा प्रकट करनी चाहिए। अगर किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कठिनाई महसूस होगी तो उनके ट्रीटमेंट से लेकर विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में हर प्रकार की व्यवस्था की गयी है इसलिए कोई चिंता की बात नहीं है। डॉक्टरों ने तय कर दिया है कि टीका का पहला डोज लेने के 28 दिनो के बाद दूसरा डोज लेना है। हमने पहला टीका आज कराया है इसलिए 28 दिन बाद 31 मार्च को अगला टीका कराएंगे। हम सभी लोगों से टीकाकरण कराने के लिए प्रार्थना करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने भी आज सुबह छह बजे ही टीकाकरण कराया है। आप देख लीजिए कि सब लोग इस काम के लिए लगे हैं और भारत सरकार ने इसके लिए पूरी तैयारी की है। बिहार में टीकाकरण के लिए कुछ प्राइवेट अस्पतालों को भी चयनित किया गया है, वहां भी टीकाकरण होगा। राज्य सरकार का यह निर्णय है कि जो भी लोग प्राइवेट अस्पतालों में भी टीकाकरण करायेंगे, उसके लिए भी हमलोग मुफ्त टीकाकरण का इंतजाम करायेंगे। पुनः सभी लोगों से मेरी प्रार्थना है कि ससमय अपना टीकाकरण जरुर करवा लीजिए। बिहार में हमलोग पत्रकार बंधुओं के टीकाकरण के लिए भी तैयारी कर रहे हैं और इसके लिए आज ही दिशा–निर्देश जारी कर दिया जाएगा।

******